प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 20.05.2025

मुख्य समाचारः–

- राज्य सरकार ने प्रदेश में लागू की 'सड़क दुर्घटना नगदी रहित उपचार योजना'–पीड़ित को अधिकतम डेढ़ लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।
- शराब घोटाला मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा के करीबी लोगों के दुर्ग–भिलाई और महासमुंद स्थित घरों और ठिकानों पर मारा छापा।
- सुरक्षा बलों ने कांकेर जिले में छत्तीस लाख रूपये के इनामी पांच माओवादियों को किया गिरफ्तार।
- मौसम विभाग ने कल से आगामी तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ के कई जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई है।

रोड एक्सीडेंट–कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम

प्रदेश में 'सड़क दुर्घटना नगदी रहित उपचार योजना' लागू कर दी गई है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को घटना की तारीख से सात दिन के भीतर सूचीबद्ध अस्पतालों में नगदी रहित उपचार की सुविधा मिलेगी। इस योजना में पीड़ित को अधिकतम डेढ़ लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सड़क सुरक्षा की अंतर्विभागीय लीड एजेंसी ने जिला कलेक्टरों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

एसीबी/ईओडब्ल्यू–छापा

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के करीबी उद्योगपति, कारोबारी बिल्डर और व्यवसायियों के दुर्ग–भिलाई स्थित घरों और ठिकानों पर आज सुबह छापा मारा। मिली जानकारी के अनुसार सुबह चार बजे से ही एसीबी और

ईओडब्ल्यू की कई टीमों ने भिलाई और दुर्ग में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान संदेहियों के निवास स्थानों और अन्य जगहों से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक अकाउंट और जमीनों में निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

वहीं, महासमुंद जिले के बसना और सांकरा में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने दो लोगों के घर पर छापेमार कार्रवाई की है। इनमें एक व्यापारी और एक एलआईसी एजेंट बताया जा रहा है। ये दोनों भी पूर्व मंत्री कवासी लखमा के करीबी बताए जा रहे हैं।

माओवादी गिरफ्तार

कांकेर जिले के बीनागुंडा गांव से सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन पर कुल छत्तीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों के पास से एक स्वचलित एसएलआर रायफल, एक थ्री नॉट थ्री रायफल, तीन एसएलआर रायफल, दो भरमार बंदूक सहित भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई हैं। ये सभी माओवादी बीजापुर के रहने वाले हैं।

निगम/मंडल–अध्यक्ष/उपाध्यक्ष

राज्य सरकार ने निगम–मंडलों और आयोगों में अध्यक्षों तथा उपाध्यक्ष के प्रभार में फेरबदल किया है। केदारनाथ गुप्ता को दुग्ध संघ की जगह छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, श्रीनिवास मद्दी को छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह, चंद्रकांति वर्मा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग की उपाध्यक्ष और शालिनी राजपूत हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछली  नियुक्तियों में संशोधन करते हुए इन नई नियुक्तियों का अनुमोदन कर दिया है।

बीएमओ–निलंबित

सरगुजा जिले के रघुनाथपुर स्थित एक सरकारी अस्पताल में मृतक बच्चों के पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवार से दस–दस हजार रुपए मांगने और शव वाहन नहीं मिलने के मामले में जिला कलेक्टर ने धौरपुर के बीएमओ डॉक्टर राघवेंद्र चौबे को निलंबित कर दिया है। वहीं, रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारी अमन जायसवाल को भी हटा दिया गया है।

घटना के बाद कलेक्टर विलास भोसकर ने पीड़ित परिजनों के घर जाकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को आपदा–प्रबंधन के तहत चार–चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। गौरतलब है कि बीते रविवार को रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में दो बच्चे घर के पास ही डबरी में डूब गए थे, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दुर्ग जिले के मुरमुंदा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अटल आवास योजना के अंतर्गत निर्मित दो सौ छब्बीस आवासों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आवास योजना के हितग्राही तुषार साहू को मकान की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया। उन्होंने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के हर नागरिक को सुरक्षित आवास उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान शिविर केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि शासन–प्रशासन की जनसामान्य के प्रति उत्तरदायित्व का जीवंत प्रमाण है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुरमुंदा के हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की।

इससे पहले, श्री साय ने अछोटी गांव पहुंचकर डायट कॉलेज परिसर में उनतीस लाख रुपये से अधिक की लागत से बन रहे महतारी सदन का निरीक्षण किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि महतारी सदन, ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक संवाद का केंद्र बनेगा।

एफएसएसएआई–फल

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई. ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निरीक्षणों में तेजी लाने और गलत प्रक्रियाओं से फल पकाने वाले एजेंटों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का आग्रह किया है। साथ ही सिंथेटिक रंगों या मोम के साथ फलों को रंगने और कोटिंग करने पर भी रोक लगाई है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने एक अधिसूचना में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों के साथ–साथ एफ.एस.एस.ए.आई. के क्षेत्रीय निदेशकों से कैल्शियम कार्बाइड जैसे रसायनों से फल पकाने वाले एजेंटों के खिलाफ फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखने का आग्रह किया है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों से सुरक्षित प्रक्रियाओं का पालन करने का भी आग्रह किया है। प्राधिकरण ने दोहराया कि मानदंडों का कोई भी उल्लंघन करने पर एफएसएसएस अधिनियम के अंतर्गत सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी।

भू–जल संवर्धन मिशन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब से कुछ देर बाद रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भू–जल संवर्धन मिशन–शहरी का शुभारंभ करेंगे।

इससे पहले, भू–जल संवर्धन मिशन के प्रथम सत्र का उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शुभारंभ किया। सत्र के दौरान श्री साव ने हाइड्रोलॉजिस्ट, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह, राज्य सरकार के विभिन्न विभाग के साथ भू–जल और वर्षा जल संरक्षण पर संवाद किया और भू–जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री–मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंगेली में स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली के तहत तैंतीस लाख रूपये से अधिक की लागत से तैयार अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क और उन्नत पुलिस कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रणाली केवल निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि यह शहर की कानून–व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया को भी सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग सुशासन की रीढ़ बनेगा। गौरतलब है कि स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली के तहत शहर के सत्रह प्रमुख चौक–चौराहों पर बासठ अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिन्हें एक केंद्रीकृत पुलिस कंट्रोल रूम से रियल–टाइम मॉनिटर किया जा सकता है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने मुंगेली के ही जिला ग्रंथालय में करीब तीस लाख रूपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया।

तिरंगा यात्रा–जशपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में इन दिनों जगह–जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में कल जशपुर के श्याम प्लेस से बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में जशपुर विधायक रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधाक गोमती साय, भाजपा के जिलाध्यक्ष भरत सिंह सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

अमृत भारत स्टेशन योजना

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परसों बाईस मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से एक सौ तीन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनो का उद्घाटन करेंगे। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापुर स्टेशन भी शामिल है।

इसी कड़ी में रेलवे के कार्मिक विभाग द्वारा रायपुर, भिलाई और भानुप्रतापपुर मे स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए दो दिवसीय निंबध, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'मेरा अमृत स्टेशन और ऑपरेशन सिंदूर – वीरता की मिसाल' रखा गया था। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बाईस मई को पुरस्कृत किया जाएगा।

## दुर्घटना

मुंगेली जिले के शीतलकुंडा गांव के पास आज सुबह एंबुलेंस और ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो डॉक्टरों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को मुंगेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एंबुलेंस उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से एक मरीज को लेकर रायपुर आ रही थी। इसी दौरान शीतलकुंडा गांव के पास यह हादसा हुआ।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल से तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ के कई जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ जिलों में तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रायपुर सहित कुछ जिलों में बादल छाए रहने की वजह से तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है।

इस बीच, आज दोपहर बाद राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

<><><><><>